रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 559] नई दिल्ली, शुक्रवार, नवम्बर 17, 2006/कार्तिक 26, 1928
No. 559] NEW DELHI, FRIDAY, NOVEMBER 17, 2006/KARTIKA 26, 1928

कंपनी कार्य मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 17 नवम्बर, 2006

सा.का.नि. 712(अ).—केन्द्रीय सरकार, लागत और संकर्म लेखापाल अधिनियम, 1959 की धारा 9 की उपधारा (2) के खंड (क) के साथ पठित धारा 38क की उपधारा (2) के खंड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात :–

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ** – (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम लागत और संकर्म लेखापाल (परिषद् का निर्वाचन) नियम, 2006 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. **परिभाषाएं** – (1) इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, –

(क) "अधिनियम" से लागत और संकर्म लेखापाल अधिनियम, 1959 (1959 का 23) अभिप्रेत है ;

(ख) "अनुमोदित प्ररूप" से इन नियमों के अधीन किसी विशिष्ट प्रयोजन के उपयोग लिए परिषद् द्वारा अनुमोदित प्ररूप अभिप्रेत है :

परन्तु यह कि यदि कोई प्ररूप इन नियमों के प्रवृत्त होने के पश्चात् अभी तक परिषद् द्वारा अनुमोदित नहीं हुआ है तो इन नियमों के प्रवृत्त होने के पूर्व उसी प्रयोजन के लिए अधिकथित समुचित प्ररूप अनुमोदित प्ररूप होगा ;

(ग) "रिटर्निंग आफिसर" से अधिनियम की धारा 16 के अधीन नियुक्त परिषद् का सचिव या, सचिव का पद रिक्त होने की स्थिति में निर्वाचनों के संचालन के प्रयोजन के लिए परिषद् द्वारा पदाभिहित संस्थान का कोई अधिकारी अभिप्रेत है ।

(2) उन शब्दों और पदों के, जो इन नियमों में प्रयुक्त हैं किंतु परिभाषित नहीं हैं और अधिनियम में परिभाषित हैं, वही अर्थ होंगे जो अधिनियम में हैं ।

3. **प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र** – धारा 9 की उपधारा (2) के खंड (क) के अनुसरण में परिषद् के गठन के प्रयोजन के लिए प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र ऐसे राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों से मिलकर बनेंगे जो इन नियमों की अनुसूची I में सूचिबद्ध हैं ।

4. **निर्वाचनों की तारीखें** – (1) परिषद् का निर्वाचन परिषद् द्वारा अवधारित तारीख या तारीखों को किया जाएगा, जो किसी भी स्थिति में, विद्यमान परिषद् के कार्यकाल के अवसान के एक मास पूर्व से कम की नहीं होगी :

परन्तु यह कि यदि असाधारण परिस्थितियों में निर्वाचन इस उपनियम के अधीन अनुज्ञात समयावधि के भीतर नहीं किए जा सकते तो केन्द्रीय सरकार, रिटर्निंग आफिसर की विशिष्ट प्रार्थना पर या अन्यथा निर्वाचन की तारीख या तारीखों को स्थगित कर सकेगी जो किसी भी स्थिति में, विद्यमान परिषद् के कार्यकाल के पर्यवसान के पश्चात् की नहीं होगी ।

(2) उपनियम (1) के उपबंध के अधीन रहते हुए, रिटर्निंग आफिसर उपनियम (1) क अधीन इस प्रकार अवधारित निर्वाचन की तारीख या तारिखों के कम से कम तीन मास पूर्व, परिषद् के सदस्यों के निर्वाचन के निम्नलिखित चरणों के लिए नियत तारीखें भारत सरकार के राजपत्र में अधिसूचित करेगा, अर्थात् :–

(क) नामनिर्देशन प्राप्त करने के लिए अंतिम तारीख और समय, जो अधिसूचना की तारीख से 21 दिन से कम नहीं होगी ;

(ख) नामनिर्देशनों की जांच की तारीख या तारीखें और स्थान, जिसका अंतिम दिन खंड (क) के अधीन नामनिर्देशनों की प्राप्ति के लिए नियत अंतिम तारीख से पन्द्रह दिन से अधिक नहीं होगा ;

(ग) नामनिर्देशन वापस होने के लिए अंतिम तारीख और समय, जो खंड (ख) के अधीन नामनिर्देशनों की जांच के लिए अंतिम तारीख से दस दिन पूर्व की होगी;

(घ) मतदान की तारीख या तारीखें ;

(ङ) नियम 28 के अधीन डाक द्वारा मतदान की अनुज्ञा के लिए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख ;

(च) मतदाताओं से डाक द्वारा वापस मतपत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख और समय ;

(छ) मतगणना की तारीख या तारीखें ;

(ज) परिणाम घोषित करने की तारीख ।

(3) यदि रिटर्निंग आफिसर की राय में, आबद्ध कारणों से उपनियम (2) के अधीन किसी तारीख में परिवर्तन करना आवश्यक हो जाता है तो वह उपनियम (1) के उपबंधों के अधीन रहते हुए नई तारीख या तारीखें भारत के राजपत्र में अधिसूचित कर सकेगा :

परन्तु यह कि ऐसी अधिसूचना उपनियम (2) के खंड (छ) और खंड (ज) के अधीन तारीखों में परिवर्तन के सिवाए पुनरीक्षित तारीख या तारीखों से कम से कम दस दिन पूर्व जारी की जाएगी ।

(4) मतदान की तारीख या तारीखों को छोड़कर, यदि उपनियम (2) या उपनियम (3) के अधीन अधिसूचित कोई अंतिम तारीख बाद में केन्द्रीय सरकार द्वारा अवकाश के रूप में घोषित कर दी जाती है तो इस प्रकार नियत अंतिम तारीख का अर्थ तुरन्त पश्चात् अगला कार्य दिवस लगाया जाएगा ।

5. **मत देने के लिए पात्र सदस्य** – इन नियमों के अन्य उपबंधों के अधीन रहते हुए, ऐसा सदस्य, जिसका नाम, उस वित्तीय वर्ष में 1 अक्तूबर को जिसमें परिषद् का निर्वाचन किया जाना हो, रजिस्टर पर उपलब्ध है, उस प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र से मत देने के लिए पात्र होगा जिसकी क्षेत्रीय अधिकारिता के भीतर उक्त तारीख को उसका वृत्तिक पता आता हो :

परन्तु यह कि मतदाताओं की सूची के प्रकाशन की तारीख को उसका नाम रजिस्टर से हटाया न गया हो :

परन्तु यह और कि यदि सुसंगत तारीख को वृत्तिक पता रजिस्टर में उपलब्ध नहीं है तो रजिस्टर में उपलब्ध उसके आवासीय पते से उसके प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र का अवधारण किया जाएगा :

परन्तु यह और भी कि ऐसे सदस्यों की स्थिति में जिनके वृत्तिक पते भारत से बाहर के हैं और वे मत देने के लिए पात्र हैं, उनके प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों का अवधारण, उनके विदेश जाने के तुरंत पूर्व भारत में रजिस्ट्रीकृत वृत्तिक पते या सुसंगत तारीख को सदस्यों के रजिस्टर पर उपलब्ध भारत में उनके आवासीय पते के अनुसार, इनमें जो भी पश्चात्वर्ती हो, किया जाएगा ।

6. **मतदाता सूची** – (1) रिटर्निंग आफिसर, निर्वाचन की तारीख से कम से कम तीन मास पूर्व मत देने के लिए पात्र सदस्यों की एक सूची इन नियमों की अनुसूची 2 के अनुसार, नियम 5 में यथा परिभाषित रूप में प्रकाशित करेगा ।

(2) इन नियमों के उपबंधों के अधीन रहते हुए, मतदाताओं की सूची में प्रकाशित किसी सदस्य का पता, वह रीति जिसमें वह मत देने का हकदार है, निर्वाचन क्षेत्र और मतदान केन्द्र जिससे वह अपना मत देने के प्रयोजन के लिए संबंधित है, अवधारित करने के लिए अंतिम होगा ।

(3) मत देने के पात्र सदस्यों की सूची मुख्यालय, सुसंगत प्रादेशिक परिषदों और उनकी सुसंगत शाखाओं में ऐसी कीमत के संदाय पर, जो परिषद् द्वारा नियत की जाए, उपलब्ध कराई जाएगी ।

(4) मत देने के पात्र सदस्यों की सूची में किसी सदस्य का नाम सम्मिलित होने से उसे निर्वाचन में, जो इन नियमों, विनियमों और अधिनियम के अन्य उपबंधों के अध्यधीन होगा, मत देने का अनन्य अधिकार प्राप्त नहीं हो जाता है ।

(5) उपनियम (3) के अनुसार सूची की उपलब्धता की बाबत घोषणा संस्थान की वेबसाइट, परिषद् के सूचना पट्ट, संबंधित प्रादेशिक परिषद् के सूचना पट्ट और जहां कहीं विद्यमान हों, संबंधित प्रादेशिक परिषदों की शाखाओं के सूचना पट्टों पर रख दी जाएगी ।

(6) यदि मत देने के पात्र सदस्यों की सूची में किसी लिपिकीय त्रुटि या लोप का पता चलता है तो रिटर्निंग आफिसर किसी भी समय एक समुचित शुद्धिपत्र जारी करके उसका सुधार कर सकेगा ।

India Code

7. **निर्वाचन में खड़े होने के पात्र सदस्य** – इन नियमों के अन्य उपबंधो के अधीन रहते हुए, ऐसा सदस्य जो उस वित्तीय वर्ष में जिसमें निर्वाचन किए जाने हैं, 1 अक्तूबर को फैलो सदस्य है और उसका नाम नियम 4 के उपनियम (2) के अधीन नामनिर्देशनों की जांच की अंतिम तारीख तक रजिस्टर में बना रहता है, उस प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र से, जहां वह मत देने का पात्र है परिषद् के निर्वाचन के लिए खड़े होने का पात्र होगा :

परन्तु यह कि कोई व्यक्ति परिषद् के निर्वाचन में खड़े होने का पात्र नहीं होगा, यदि वह निम्नलिखित दशाओं में पात्र नहीं पाया जाता है –

(क) वह किसी वृत्तिक या अन्य अवचार का दोषी पाया गया है और उसका नाम रजिस्टर से हटाया गया है या उस पर अधिनियम की धारा 9 की उपधारा (2) के खंड (क) के परन्तुक में यथा उपबंधित जुर्माने की शास्ति लगाई गई है ;

(ख) वह अधिनियम की धारा 9 की उपधारा (3) में यथा उपबंधित केन्द्रीय या राज्य सरकार के अधीन कोई पद धारण कर रहा है ;

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान वह संस्थान का संपरीक्षक रहा है जैसा कि अधिनियम की धारा 9 की उपधारा (4) में उपबंधित है ;

(घ) उसने अधिनियम की धारा 10 के प्रथम परन्तुक में यथा उपबंधित पद लगातार तीन कार्यकालों तक धारण किया है ;

(ङ) वह अधिनियम धारा 12 की उपधारा (1) के अधीन अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित हुआ है जैसा कि अधिनियम की धारा 10 के दूसरे परन्तुक में उपबंधित है ।

इस नियम के प्रयोजन के लिए –

(i) उपरोक्त परन्तुक के खंड (क) के अधीन निरर्हता आकर्षित करने के प्रयोजन के लिए लागत और संकर्म लेखापाल (संशोधन) अधिनियम, 2006 के प्रवृत्त होने के पूर्व कारित अपराधों के लिए किसी व्यक्ति पर लगाई गई शास्तियों या लागत और संकर्म लेखापाल (संशोधन) अधिनियम, 2006 के प्रवृत्त होने के पश्चात् किसी व्यक्ति पर लगाई गई शास्तियों पर भी विचार किया जाएगा ;

(ii) उपरोक्त परन्तुक के खंड (ख) के अधीन निरर्हता आकर्षित करने के प्रयोजन के लिए, यथास्थिति, भारत की संचित निधि या किसी राज्य की संचित निधि या किसी ऐसे निगमित निकाय अथवा संगठन से वेतन आहरण करने वाला व्यक्ति जहां केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के पास वैयष्टिक या संयुक्त रूप से अधिकांश पण का स्वामित्व है, यथास्थिति केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के अधीन पदधारण करने वाला व्यक्ति समझा जाएगा ;

(iii) ऐसे व्यक्ति के लिए जो लागत और संकर्म लेखापाल (संशोधन) अधिनियम, 2006 के प्रवृत्त होने के पूर्व संस्थान का संपरीक्षक रहा है, अधिनियम की धारा 9 की उपधारा (4) के अधीन उपबंधित तीन वर्ष की अवधि की परिसीमा में उसके संपरीक्षक न रहने और लागत और संकर्म लेखापाल (संशोधन) अधिनियम, 2006 के प्रवृत्त होने के बीच की अवधि भी सम्मिलित की जाएगी ;

(iv) उपरोक्त परन्तुक के खंड (घ) के अधीन निरर्हता के प्रयोजन के लिए किसी व्यक्ति द्वारा लागत और संकर्म लेखापाल (संशोधन) अधिनियम, 2006 के प्रवृत्त होने के पूर्व अधिनियम की धारा 9 की उपधारा (2) के खंड (क) या खंड (ख) के अधीन अथवा भागतः

खंड (क) और भागतः खंड (ख) के अधीन सदस्य के रूप में धारित पद के कार्य कालों की संख्या को तीन लगातार कार्यकालों की संगणना के लिए हिसाब में नहीं लिया जाएगा ;

(v) उपरोक्त परन्तुक के खंड (ङ) के अधीन निरर्हता आकर्षित करने के प्रयोजन के लिए, लागत और संकर्म लेखापाल (संशोधन) अधिनियम, 2006 के प्रवृत्त होने के पूर्व अधिनियम की धारा 12 की उपधारा (1) के अधीन संस्थान के अध्यक्ष का पद धारण करने को भी हिसाब में लिया जाएगा ।

8. **निर्वाचित किए जाने वाले सदस्यों की संख्या** – प्रत्येक प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित किए जाने वाले सदस्यों की संख्या अनुसूची 3 में वर्णित प्रक्रिया के अनुसार संगणित की जाएगी ।

9. **नामनिर्देशन** – (1) परिषद्, निर्वाचन की तारीख से कम से कम तीन मास पूर्व, प्रत्येक प्रादेशिक परिषद् से निर्वाचित किए जाने वाले सदस्यों की संख्या कथित करते हुए और नियम 4 के उपनियम (2) द्वारा अधिसूचित तारीख और समय तक, निर्वाचन के लिए अभ्यर्थियों के नामनिर्देशन मंगाने के लिए एक सूचना भारत के राजपत्र में प्रकाशित करेगी ।

(2) किसी अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले नामनिर्देशनों की अधिकतम संख्या मात्र 10 होगी :

परन्तु यह कि 10 से अधिक नामनिर्देशनों के प्राप्त होने की दशा में, प्राप्ति की तारीख और समय के आधार पर अवधारित प्रथम 10 नामनिर्देशनों पर विचार किया जाएगा ।

(3) अभ्यर्थी का नामनिर्देशन –

(i) अनुमोदित प्ररूप में होगा जो अभ्यर्थी द्वारा तथा ऐसे एक प्रस्थापक और एक समर्थक द्वारा, जो दोनों व्यक्ति सुसंगत प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचन में मतदान देने के हकदार हों, सम्यक्तः हस्ताक्षरित होगा ; और

(ii) अपेक्षित फीस, प्रतिभूति निक्षेप और इन नियमों में अधिकथित अन्य कागजात के साथ अधिसूचित तारीख को 6.00 बजे अपराह्न के अपश्चात् नाम से रिटर्निंग आफिसर को परिदत्त होगा :

परन्तु यह कि परिदान की अभिस्वीकृति, रिटर्निंग आफिसर या उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नामनिर्देशन प्ररूप प्राप्त होने पर, नामनिर्देशन प्ररूप की प्राप्ति की तारीख और समय का उल्लेख करते हुए, दी जाएगी ।

(4) नामनिर्देशन केवल तब विधिमान्य होगा यदि इसके साथ अभ्यर्थी द्वारा हस्ताक्षरित और सत्यापित अनुसूची 4 में यथा उपबधित सूचना अंतर्विष्ट करने वाला विवरण भी दिया गया हो ।

10. **निर्वाचन के लिए फीस** – (1) निर्वाचन के लिए कोई अभ्यर्थी ऐसी फीस का संदाय करेगा जो समय-समय पर परिषद् द्वारा नियत की जाए और वह किसी भी स्थिति में नामनिर्देशनों की संख्या पर विचार किए बिना 50,000/- रुपए से अधिक नहीं होगी ।

(2) फीस का संदाय सचिव के पक्ष में और कोलकाता में संदेय देय डिमांड ड्राफ्ट द्वारा किया जाएगा ।

IndiaCode

स्पष्टीकरण - संदेय फीस और ऐसी फीस के संदाय की रीति नियम 9 के उपनियम (1) के अधीन जारी की गई अधिसूचना में सम्मिलित की जाएगी ।

(3) ऐसा अभ्यर्थी जिसका नामनिर्देशन अविधिमान्य पाया जाता है, संदेय फीस का पचास प्रतिशत प्रतिदाय प्राप्त करने का हकदार होगा ।

11. **प्रतिभूति निक्षेप** – निर्वाचन के लिए कोई अभ्यर्थी, नियम 10 में यथा उपबंधित फीस के अलावा, नियम 9 के अधीन फाइल किए गए विनिर्दिष्ट नामनिर्देशनों की सख्या पर विचार किए बिना, प्रतिभूति निक्षेप के रूप में 20,000/- रु. (बीस हजार रुपए) का संदाय करेगा जिसे समपहृत कर लिया जाएगा यदि वह संबंधित प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र में डाले गए नियम 35 में यथा परिभाषित मूल मतों के कम से कम 2% मत प्राप्त करने में असफल रहता है ।

स्पष्टीकरण - प्रतिभूति निक्षेप के संदाय की रीति नियम 9 के उपनियम (1) के अधीन जारी अधिसूचना में विनिर्दिष्ट की जाएगी ।

12. **नामनिर्देशनों की जांच** – (1) परिषद्, प्रत्येक निर्वाचन के लिए, सभी अभ्यर्थियों के नामनिर्देशन पत्रों की जांच के लिए एक पैनल नियुक्त करेगी ।

(2) पैनल में तीन व्यक्ति होंगे जिनमें से एक रिटर्निंग आफिसर होगा और दो अन्य व्यक्ति अधिनियम की धारा 9 की उपधारा (2) के खंड (ख) में निर्दिष्ट परिषद् के सदस्यों में से परिषद् द्वारा नामनिर्दिष्ट किए जाएंगे, जिनमें से एक केन्द्रीय सरकार का अधिकारी होगा और दूसरा संस्थान का सदस्य नहीं होगा परन्तु यह कि यदि ऐसे सदस्यों में एक या अधिक सदस्य उपलब्ध नहीं है या कार्य करने का अनिच्छुक हैं तो केन्द्रीय सरकार का कोई अन्य अधिकारी होगा जो केन्द्रीय सरकार इस प्रयोजन के लिए नामनिर्दिष्ट करे ।

(3) पैनल के सदस्यों के नाम अंतर्विष्ट करने वाली एक अधिसूचना, ऐसे निर्वाचन के लिए, जिसके लिए उसकी नियुक्ति की गई है, नामनिर्देशन प्राप्त करने की अंतिम तारीख के पूर्व जारी की जाएगी ।

(4) पैनल का कार्यकाल उस मतदान के पूर्ण होने के साथ समाप्त हो जाएगा जिसके लिए इसकी नियुक्ति की गई थी ।

(5) पैनल को अपनी प्रक्रिया ऐसी रीति में जिसे वह न्यायोचित और समीचीन समझे, विनियमित करने की शक्ति होगी ।

(6) कारबार के संव्यवहार के लिए पैनल की गणपूर्ति दो होगी ।

(7) पैनल, एक या अधिक सदस्यों के कार्य करने में असमर्थ होने के कारण पैनल में कोई रिक्ति हो जाने की स्थिति में, रिटर्निंग आफिसर द्वारा उस रिक्ति को अधिनियम की धारा 9 की उपधारा (2) के खंड (ख) में निर्दिष्ट परिषद् के सदस्यों में से भरा जाएगा, बशर्ते वह संस्थान का सदस्य नहीं है और परंतु यदि एक या अधिक सदस्य उपलब्ध नहीं हैं या कार्य करने में अनिच्छुक हैं तो उसे केन्द्रीय सरकार के ऐसे अधिकारी या अधिकारियों द्वारा भरा जाएगा जिन्हें केन्द्रीय सरकार इस प्रयोजन के लिए नामनिर्दिष्ट करे ।

(8) पैनल सभी अभ्यर्थियों के नामनिर्देशन पत्रों की जांच करेगा और प्रत्येक नामनिर्देशन पत्र पर अपना विनिश्चय, कि क्या नामनिर्देशन स्वीकार किया जाता है अथवा अस्वीकार किया जाता है, पृष्ठांकित करेगा ।

(9) यदि नामनिर्देशन अस्वीकार किया जाता है तो पैनल अपने कारणों का एक संक्षिप्त कथन अभिलिखित करेगा ।

(10) पैनल, नामनिर्देशन अस्वीकार करेगा यदि उसका यह समाधान हो जाता है कि :—

(i) अभ्यर्थी नियम 7 के अधीन निर्वाचन में खड़ा होने का पात्र नहीं था ; या

(ii) प्रस्थापक या समर्थक अनुमोदित फार्म में अभ्यर्थी के नामनिर्देशन पर हस्ताक्षर करने के लिए अर्हित नहीं था ; या

(iii) अभ्यर्थी या प्रस्थापक या समर्थक के हस्ताक्षर असली नहीं हैं ; या

(iv) नियम 9, नियम 10 या नियम 11 के उपबंधों का अनुपालन करने में असफलता रही है ।

स्पष्टीकरण 1 - पैनल ऐसे तकनीकी आधार पर, जो सारवान् स्वरूप का न हो, नामनिर्देशन अस्वीकार नहीं करेगा ।

स्पष्टीकरण 2 - किसी अभ्यर्थी के नामनिर्देशन की, नामनिर्देशन की बाबत किस अनियमितता के कारण अस्वीकृति, नियम 9 के अधीन प्रस्तुत अन्य नामनिर्देशन की स्वीकृति को वर्जित नहीं करेगी और यह उसी अभ्यर्थी की बाबत भी विधिमान्य है ।

स्पष्टीकरण 3 - यदि नामनिर्देशन पर हस्ताक्षर के पश्चात् अधिनियम के उपबंधों, उसके अधीन बनाए गए नियमों या विनियमों के प्रवर्तन के कारण प्रस्थापक या समर्थक असमर्थ हो जाता है तो इससे नामनिर्देशन अविधिमान्य नहीं होगा ।

(11) किसी अभ्यर्थी का नामनिर्देशन या यदि एक से अधिक नामनिर्देशन फाइल किए गए हैं तो सभी नामनिर्देशनों से इनकार करने या अस्वीकार करने की स्थिति में, रिटर्निंग आफिसर संबंधित अभ्यर्थी को पैनल के विनिश्चय के साथ उसके लिए कारणों के संक्षिप्त विवरण की सूचना रजिस्ट्रीकृत/स्पीड डाक द्वारा भेजेगा ।

13 **विधिमान्य नामनिर्देशनों की सूचियां तैयार करना** – (1) नामनिर्देशनों की जांच पूर्ण होने पर, रिटर्निंग आफिसर तुरन्त प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र के लिए विधिमान्य नामनिर्देशनों की सूची तैयार करेगा और सूची की एक प्रति उस निर्वाचन क्षेत्र से प्रत्येक अभ्यर्थी को जिसने नामनिर्देशन फाइल किया था, रजिस्ट्रीकृत/स्पीड डाक से भिजवाएगा :

परन्तु यह कि ऐसी सूची नियम 4 के उपनियम (2) के खंड (ग) के अधीन नामनिर्देशन वापस लेने के लिए नियत अंतिम तारीख से कम से कम दस दिन पूर्व भेजी जानी चाहिए ।

(2) सूची में प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र के लिए विधिमान्यतः नामनिर्दिष्ट अभ्यर्थियों के मतदाता सूची में यथा प्रकाशित नाम वर्णमाला के अनुसार और पते अंतर्विष्ट होने चाहिए :

IndiaCode

परन्तु यह कि यदि दो या अधिक अभ्यर्थियों के नाम एक जैसे हैं तो सदस्य के रूप में नामांकन की पूर्वतर तारीख वाला व्यक्ति सूची में ऐसे व्यक्ति या व्यक्तियों से पहले सम्मिलित किया जाएगा जिनके नाम एक जैसे हैं किन्तु नामांकन की तारीख बाद की है ।

14. **अभ्यर्थिता वापस लेना** – (1) कोई अभ्यर्थी अपने द्वारा सम्यक्तः हस्ताक्षरित स्वयं के हाथ की सूचना नियम 4 के उपनियम (2) के अधीन अधिसूचित अंतिम तारीख को 6.00 बजे अपराह्न के पूर्व रिटर्निंग आफिसर को परिदत्त कराकर अपनी अभ्यर्थिता वापस ले सकेगा ।

(2) किसी भी अभ्यर्थी को, जिसने उपनियम (1) के अधीन अपनी अभ्यर्थिता वापस लेने की सूचना दी है, उस सूचना को रद्द करने या वापस लेने की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी ।

(3) नियम 4 के उपनियम (2) द्वारा अधिसूचित अंतिम तारीख से पांच दिनों के भीतर ऐसे अभ्यर्थियों की सूची जिन्होंने अपनी अभ्यर्थिता किसी प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र से वापस ली है रिटर्निंग आफिसर द्वारा उसी निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचन के लिए खड़े अन्य अभ्यर्थियों को भेजी जाएगी ।

(4) ऐसा अभ्यर्थी, जिसने उपनियम (1) के अनुसरण में अपनी अभ्यर्थिता वापस ले ली है, उसके द्वारा नियम 10 के उपनियम (1) और (2) के अधीन संदत्त फीस का पचास प्रतिशत एवं नियम 11 के अधीन संदत्त पूरा प्रतिभूति निक्षेप वापस प्राप्त करने का हकदार होगा ।

15. **नामनिर्देशनों की अंतिम सूची की अभ्यर्थियों और मतदाताओं को सूचना** – .

(1) रिटर्निंग आफिसर, विधिमान्य नामनिर्देशनों की सूची में से ऐसे अभ्यर्थियों के नामों का लोप करेगा जिन्होंने अपनी अभ्यर्थिता वापस ले ली है और प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र के लिए नामनिर्देशनों की अंतिम सूची उस निर्वाचन क्षेत्र के सभी अभ्यर्थियों को रजिस्ट्रीकृत या स्पीड डाक से तथा उस निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं को साधारण डाक से भेजेगा ।

(2) सूची, संस्थान के सूचना पट्ट, संस्थान की वेबसाइट, संबंधित प्रादेशिक परिषद् के सूचना पट्ट और संबंधित प्रादेशिक परिषदों की शाखाओं के, जहां वे विद्यमान हैं, सूचना पट्टों पर रखी जाएगी ।

(3) सूची के साथ उस निर्वाचन क्षेत्र के लड़ने वाले सभी अभ्यर्थियों की ऐसी विशिष्टियां भी होंगी जो नियम 9 के उपनियम (4) के अधीन अभ्यर्थियों द्वारा दी गई विशिष्टियों में से रिटर्निंग आफिसर द्वारा अनुसूची 5 के अनुसरण में संकलित, तैयार की गई और प्रस्तुत की गई हों :

परंतु यह कि वह, दी गई विशिष्टियों में से उसकी जानकारी में आने वाली किसी प्रकट गलती का सुधार कर सकेगा ।

(4) नामनिर्देशनों की सूची के साथ उपरोक्तानुसार जाने वाली अपेक्षित विशिष्टियों सहज रूप से यह उपदर्शित करेगी कि उन्हें नियम 9 के उपनियम (4) के अधीन अभ्यर्थियों द्वारा दी गई विशिष्टियों के आधार पर संकलित किया गया है और उन विशिष्टियों की सत्यता की बाबत किसी प्रकार की जिम्मेदारी स्वीकार नहीं की जाएगी ।

16. **निर्वाचन आचार संहिता** – (1) स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन सुनिश्चित करने के लिए

निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान स्वस्थ और शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखन की दृष्टि स रिटार्निंग आफिसर, नियम 4 के उपनियम (2) के अधीन अधिसूचना जारी करने के पूर्व परिषद् द्वारा यथा अनुमोदित अभ्यर्थियों के लिए निर्वाचन आचार संहिता जारी करेगा और इसे संस्थान की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा ।

(2) निर्वाचन आचार संहिता में मतदान बूथ और गणना केन्द्र सहित संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थियों और इन नियमों के अधीन नियुक्त उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा अनुपालन किए जाने वाले अनुदेश और सन्नियम होंगे ।

(3) निर्वाचन आचार संहिता नियम 4 के उपनियम (2) के अधीन सूचना जारी होने की तारीख से प्रवृत्त हो जाएगी ।

(4) निर्वाचन आचार संहिता, अधिनियम की दूसरी अनुसूची के भाग 2 की मद (1) के अधीन परिषद् का मार्गदर्शक सिद्धांत समझी जाती है और निर्वाचन आचार संहिता का अनुपालन प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए आबद्धकर है ।

17. **अभ्यर्थी की मृत्यु** – (1) यदि किसी अभ्यर्थी की निर्वाचन की तारीख से पूर्व किंतु अभ्यर्थिता वापल लेने के लिए नियम 14 के अधीन नियत तारीख के पश्चात् मृत्यु हो जाती है और उसका नामनिर्देशन विधिमान्य है या विधिमान्य के रूप में स्वीकार किया गया है तो उसके निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचन, शेष अभ्यर्थियों के बीच कराया जाएगा और ऐसे निर्वाचन क्षेत्र में, जिसमें ऐसा सदस्य अभ्यर्थी था, सदस्यों के निर्वाचन के प्रतिनिर्देश से नई कार्यवाही प्रारम्भ नहीं होगी ।

(2) ऐसे अभ्यर्थी के पक्ष में डाले गए मत, मतपत्र में पूर्विक्ता क्रम में अगले अभ्यर्थी, यदि कोई है, के पक्ष में डाले गए मत समझे जाएंगे ।

(3) यदि किसी अभ्यर्थी की मृत्यु निर्वाचन की तारीख के पश्चात किंतु गणना प्रारंभ होने के पूर्व हो जाती है तो ऐसे किसी अभ्यर्थी के पक्ष में डाले गए मत, मतपत्र में पूर्विक्ता क्रम में अगले अभ्यर्थी, यदि कोई है, के पक्ष में डाले गए समझे जाएंगे ।

(4) यदि किसी अभ्यर्थी की मृत्यु गणना प्रारंभ होने के पश्चात् और परिणाम घोषित होने के पूर्व हो जाती है तो मतो की गणना चलती रहेगी मानो उस व्यक्ति की मृत्यु न हुई हो, और, यदि ऐसी गणना के परिणामस्वरूप उसकी स्थिति ऐसी पाई जाए कि उसे निर्वाचित घोषित किया जाए तो सभी मतपत्रों की गणना नए सिरे से पुनः की जाएगी और अभ्यर्थी के पक्ष में डाले गए मत, मतपत्रों में पूर्विक्ता क्रम में अगले अभ्यर्थी, यदि कोई है, के पक्ष में डाले गए समझे जाएंगे ।

(5) यदि किसी अभ्यर्थी की मृत्यु, परिणामों की घोषणा के बाद, जिसमें उसे निर्वाचित घोषित किया गया है, तो परिणामी रिक्ति अधिनियम की धारा 13 के अधीन आकस्मिक रिक्ति समझी जाएगी ।

18. **अभ्यर्थी निर्वाचित समझे जाएंगे यदि उनकी संख्या निर्वाचित किए जाने वाले सदस्यों की संख्या के बराबर या उससे कम है** – (1) जहां किसी निर्वाचन क्षेत्र से विधिमान्यतः नामनिर्देशित अभ्यर्थियों की संख्या अभ्यर्थियों को नामनिर्देशनों की अंतिम सूची जारी करने

की तारीख को उस निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित किए जाने वाल सदस्यां की संख्या के बराबर या कम है या जहां किसी निर्वाचन क्षेत्र से अभ्यर्थियों की संख्या, निर्वाचन की तारीख के पूर्व मृत्यु के कारण उस निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित किए जाने वाले सदस्यों की संख्या के बराबर या उससे कम हो जाती है तो ऐसे अभ्यर्थी निर्वाचित समझे जाएंगे और रिटर्निंग आफिसर ऐसे सभी अभ्यर्थियों को सम्यक्तः निर्वाचित घोषित करेगा ।

(2) जहां, किसी निर्वाचन क्षेत्र से ऐसे अभ्यर्थियों की संख्या उस निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित किए जाने वाले सदस्यों से कम है, रिटर्निंग आफिसर उस निर्वाचन क्षेत्र से शेष सदस्यों के निर्वाचन या निर्वाचित किए जाने वाले सदस्यों के लिए नई कार्यवाहियां प्रारंभ करेगा ।

19. **निर्वाचन का ढंग** – (1) निर्वाचन आनुपातिक पद्धति के अनुसार एकल संक्रमणीय मत द्वारा होगा ।

(2) अन्यथा उपबंधित के सिवाए, प्रत्येक निर्वाचन में जहां मतदान किया जाए, मत, गुप्त मतदान द्वारा दिया जाएगा और किसी भी निर्वाचन में प्रत्येक मतदाता, इस प्रयोजन के लिए उपलब्ध कराए गए बूथ में व्यक्तिगत रुप से अपना मत डालेगा जब तक कि मतदाता को किसी निर्वाचन में अपना मत डाक से डालने के लिए, जैसा कि इसके पश्चात् उपबंधित किया गया है, अनुज्ञात न किया जाए ।

स्पष्टीकरण – स्पष्टता के प्रयोजन के लिए यह दोहराया जाता है कि अपना मत अभिलिखित करने का इच्छुक कोई मतदाता ऐसा व्यक्तिगत रूप से करेगा न कि प्रोक्षी द्वारा ।

(3) इन नियमों या विनियमों में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी ऐसी रीति में जो परिषद् द्वारा अवधारित की जाए और केन्द्रीय सरकार के अनुमोदन से मतदान मशीनों या इन्टरनेट के माध्यम से मत डालना या अभिलिखित करना ऐसे निर्वाचन क्षेत्र या निर्वाचन क्षेत्रों में अपनाया जा सकेगा जैसाकि रिटर्निंग आफिसर प्रत्येक मामले की परिस्थितियों को ध्यान में रखकर विनिर्दिष्ट करे ।

स्पष्टीकरण – इस उपनियम के प्रयोजनों के लिए, केन्द्रीय सरकार का अनुमोदन, नियम 4 के उपनियम (2) के अधीन अपेक्षित भारत के राजपत्र में अधिसूचना के प्रकाशन के पूर्व ईप्सित और प्राप्त किया जाना चाहिए ।

20. **मतदाता के मतों की अनुज्ञेय संख्या** – (1) मतदाता का केवल एक मत होगा और उसके पास उतनी प्राथमिकताएं होंगी जितने अभ्यर्थी हैं।

(2) मतदाता अपना मत डालने के लिए –

(क) अपने मतपत्र पर अभ्यर्थी के नाम के, जिसे वह मत देने का इच्छुक है, सामने वर्ग के अन्दर संख्या 1 (रोमन या अरबी अंकों में या शब्दों में) लिखेगा ; और

(ख) इसके साथ-साथ अपने मतपत्र पर पूर्विक्ता क्रम में, उपनियम (1) के अधीन उसे उपलब्ध पूर्विक्ताओं की अधिकतम संख्या तक अन्य अभ्यर्थियों, के नामों के सामने वर्ग में संख्या 2 या संख्या 2 और 3 या संख्या 2, 3 और 4 (अरबी या रोमन अंकों में या

शब्दों में) लिख सकेगा ।

(ग) वहां 'X' बना सकेगा जिनके सामने उसने कोई पूर्विक्ता उल्लिखित नहीं की है ।

21. **मतदान बूथ** – (1) रिटर्निंग आफिसर, इतनी संख्या में और ऐसे स्थानों पर मतदान बूथ स्थापित करेगा जैसा वह आवश्यक समझे :

परन्तु यह कि किसी ऐसे स्थान पर या उससे 50 कि. मी. की दूरी के भीतर मतदान बूथ स्थापित नहीं किया जाएगा जहां नियम 5 के अनुसार मतदान करने के लिए पात्र सदस्य 15 से कम हैं :

परन्तु यह और कि यदि बाध्यकारी कारणों से रिटर्निंग आफिसर की राय में एक या अधिक मतदान बूथों के पतों में परिवर्तन करना आवश्यक हो जाता है तो वह ऐसा कर सकेगा और इस परिवर्तन को संस्थान की वेबसाइट में प्रकाशित करने के अलावा ऐसे परिवर्तन की सूचना डाक या ई-मेल द्वारा उस निर्वाचन क्षेत्र के जिसमें वे मतदान बूथ स्थित है प्रभावित सभी मतदाताओं और अभ्यर्थियों को देगा ।

(2) ऐसे स्थान में जहां 2500 से कम मतदाता हैं, प्रत्येक 500 मतदाताओं या उसके भाग के लिए एक मतदान बूथ होगा यद्यपि यह आवश्यक नहीं है कि उसी स्थान में विभिन्न मतदान बूथों के मध्य मतदाताओं का आबंटन 500 के समूहों में ही हो और मतदान एक दिन होगा ।

(3) ऐसे स्थान में जहां 2500 से अधिक मतदाता हैं, प्रत्येक मतदान बूथ को 1000 मतदाता या उसका भाग आबंटित होगा और मतदान निरंतर दो दिन होगा ।

22. **मतदान अधिकारी** – (1) रिटर्निंग आफिसर प्रत्येक मतदान बूथ के लिए अधिमानतः केन्द्रीय या किसी राज्य सरकार के अधीन कार्यरत् अधिकारी को मतदान अधिकारी नियुक्त करेगा और ऐसे अन्य व्यक्तियों को भी नियुक्त कर सकेगा जिन्हें वह मतदान अधिकारी की सहायता के लिए आवश्यक समझे :

परन्तु यह कि संस्थान का कोई भी सदस्य मतदान अधिकारी के रूप में नियुक्त नहीं किया जाएगा ।

(2) मतदान अधिकारी, इन नियमों द्वारा उस पर अधिरोपित कर्तव्यों का निर्वहन करने के साथ-साथ मतदान बूथ पर सभी व्यवस्थाओं का साधारण रूप में भारसाधक होगा और इस संबंध में आदेश जारी कर सकेगा कि व्यक्तियों को किस प्रकार से मतदान बूथ में प्रवेश दिया जाएगा और साधारणतया मतदान बूथ और उसके आस-पास कैसे शांति और व्यवस्था बनाई रखी जाएगी ।

(3) जहां रिटर्निंग आफिसर द्वारा नियुक्त मतदान अधिकारी मतदान के लिए नियत एक या अधिक दिनों पर मतदान का संचालन करने में असमर्थ रहे तो वह इसकी सूचना रिटर्निंग आफिसर या इस प्रयोजन के लिए रिटर्निंग आफिसर द्वारा नामनिर्दिष्ट किसी अन्य अधिकारी को देगा, जो उसके स्थान पर उपनियम (1) के परन्तुक के अधीन रहते हुए किसी अन्य व्यक्ति को मतदान अधिकारी के रूप में नियुक्त करेगा ।

23. **निर्वाचन प्रेक्षकों की नियुक्ति** – (1) रिटर्निंग आफिसर सभी या किसी मतदान बूथ और

गणना स्थल या स्थलों के लिए इतनी संख्या में जो वह समुचित समझे, ऐसे प्रेक्षकों की नियुक्ति करेगा जो संस्थान के सदस्य न हों तथा ये प्रेक्षक ऐसे कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे जो परिषद् द्वारा विनिश्चित किए जाएं ।

(2) निर्वाचन प्रेक्षकों के लिए इस प्रकार परिषद् द्वारा विनिश्चित कर्तव्यों का अभ्यर्थियों और मतदाताओं में सम्यक् प्रचार किया जाएगा ।

24. **गुप्त चेम्बर** – (1) प्रत्येक मतदान बूथ पर गुप्त चेम्बर होगा/होंगे ।

(2) चेम्बर की व्यवस्था इस प्रकार की जाएगी कि कोई भी व्यक्ति यह देखने में समर्थ न हो कि मतदाता ने अपना मत किस प्रकार अभिलिखित किया है ।

25. **मतपत्र** – (1) मतपत्र में किसी निर्वाचन क्षेत्र के लिए विधिमान्यतः नामनिर्देशित अभ्यर्थियों की एक सूची अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में होगी और यह केवल एक ओर मुद्रित होगी ।

(2) ऐसे प्रत्येक मतपत्र पर ऐसी रीति में मुद्रित संस्थान का संप्रतीक होगा जैसा रिटर्निंग आफिसर मतपत्र की सुरक्षा उपायों को ध्यान में रखकर विनिश्चित करे ।

26. **मतदान बूथों पर अभ्यर्थियों और उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति** – (1) किसी निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचन के लिए कोई अभ्यर्थी उस निर्वाचन क्षेत्र में मतदान बूथों पर उपस्थित रहने का हकदार होगा ।

(2) वह प्रत्येक मतदान बूथ के लिए किन्हीं दो सदस्यों को अपने प्राधिकृत प्रतिनिधियों के रूप में नियुक्त कर सकेगा, जिनमें से केवल एक किसी विशिष्ट मतदान बूथ पर उसकी ओर से एक समय उपस्थित रहने का हकदार होगा ।

(3) किसी प्राधिकृत प्रतिनिधि की नियुक्ति विधिमान्य नहीं होगी जब तक कि अभ्यर्थी ने ऐसे प्रतिनिधि को प्राधिकार पत्र जारी न किया हो । प्राधिकार पत्र संबंधित मतदान अधिकारी को प्रस्तुत किया जाएगा और इसमें प्राधिकृत प्रतिनिधि का पूर्ण नाम, सदस्यता संख्या और पता और साथ ही उस मतदान बूथ की संख्या जिसमें वह उपस्थित रहने के लिए प्राधिकृत है, अंतर्विष्ट होंगे ।

(4) मतदान अधिकारी अभ्यर्थियों और/या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति का अभिलेख रखेगा, जो मतदान समाप्त होने के बाद रिटर्निंग आफिसर को अग्रेषित किया जाएगा ।

27. **सहायकों की नियुक्ति** – मतदान अधिकारी, मतदान बूथ पर ऐसे व्यक्तियों को, जो संस्थान के सदस्य न हों और जिन्हें वह मतदाताओं की पहचान करने में उसे सहायता देने या किसी अन्य प्रयोजन के लिए उपयुक्त समझे, नियोजित कर सकेगा :

स्पष्टीकरण - यह बात दोहरायी जाती है कि इस प्रकार नियुक्त किया गया कोई व्यक्ति इन नियमों में अधिकथित मतदान अधिकारी के कर्तव्यों का निर्वहन करने का हकदार नहीं होगा और वह केवल मतदान अधिकारी की सहायता करेगा ।

28. **डाक से मत देने की पात्रता** – (1) ऐसा सदस्य जिसका नाम मतदाता सूची में सम्मिलित है और उसका नाम किसी भी मतदाता बूथ के अंतर्गत नहीं दर्शाया गया है, डाक से मत देने

के लिए अनुज्ञात किया जाएगा ।

(2) ऐसा सदस्य जो मतदान बूथ पर मत देने का हकदार है, रिटर्निंग आफिसर के विवेकानुसार डाक द्वारा मत देने के लिए अनुज्ञात किया जा सकेगा यदि वह किसी स्थायी अंग शैथिल्य से ग्रस्त होने या सेवा का सदस्य होने की स्थिति में पते में स्थायी परिवर्तन के कारण उसे आबंटित मतदान बूथ पर अपना मत डालने में असमर्थ है :

परन्तु यह कि ऐसे मामले में वह, यथास्थिति, किसी सरकारी अस्पताल में शल्य चिकित्सक से अन्यून रैंक के चिकित्सा व्यवसायी द्वारा जारी ऐसे स्थायी अंग शैथिल्य की पुष्टि करने वाले चिकित्सा प्रमाण-पत्र या उस संगठन के जहां सदस्य नियोजित है प्राधिकृत कार्मिक द्वारा सम्यक्तः हस्ताक्षरित पते में स्थायी परिवर्तन के प्रमाण के साथ इस उपनियम के अधीन डाक द्वारा मत देने की अनुज्ञा के लिए अनुमोदित प्ररूप में आवेदन-पत्र रिटर्निंग आफिसर को भेजेगा जिससे कि वह निर्वाचन की तारीख से कम से कम 60 दिन पूर्व उसके पास पहुंच जाए और विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर प्राप्त न होने वाले आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा ।

स्पष्टीकरण – इस धारा के प्रयोजन के लिए "सेवा में सदस्य" से संस्थान के ऐसे सदस्य अभिप्रेत हैं जो ऐसे संगठन में नियोजित हैं जो फर्म नहीं हैं ।

(3) ऐसा सदस्य जो भारत के बाहर निवास करता है, इन नियमों में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी डाक द्वारा मत देने का पात्र होगा यदि उसका विदेश का पता संस्थान में रजिस्ट्रीकृत है और मत देने के पात्र सदस्यों की सूची में प्रकाशित हुआ है ।

(4) इस उपनियम के अधीन रियायत का कोई दुरुपयोग या गलत कथन या गलत सत्यापन अधिनियम की प्रथम अनुसूची के भाग 4 की मद (2) के अधीन परिषद् के लिए अपकीर्ति लाने वाले समझे जाएंगे ।

29. **मतदान बूथों पर मतदान की प्रक्रिया** – मतदान बूथो पर मतदान, इन नियमों की अनुसूची 6 में अधिकथित प्रक्रिया के अनुसार होगा ।

30. **डाक द्वारा मतदान की प्रक्रिया** – डाक द्वारा मतदान, इन नियमों की अनुसूची 7 में अधिकथित प्रक्रिया के अनुसार होगा ।

31. **मतपत्र अविधिमान्य घोषित करने के लिए आधार** – मतपत्र, अविधिमान्य होगा, –

(क) यदि कोई मतदाता इस पर अपना नाम हस्ताक्षरित करता है या कोई शब्द अथवा अंक लिखता है या नियम 20 के उपनियम (2) के खंड (ग) के अधीन 'X' चिह्न के अलावा टिक (√)/क्रास (X) सहित कोई अन्य चिह्न बनाता है जिससे कि मतपत्र पहचान योग्य बन जाए या जिसके द्वारा मतदाता की पहचान हो सके ; या

(ख) यदि इसे परिषद् के प्राधिकारी द्वारा या उसके अधीन मुद्रित नहीं किया गया है या यह नियम 25 के अधीन मुद्रित मतपत्रों से किसी भी रूप में भिन्न है ; या

(ग) यदि इस पर संख्या 1 (अरबी या रोमन अंकों में या शब्दों में) अंकित नहीं की

गई ; या

(घ) यदि संख्या 1 (अरबी या रोमन अंकों में या शब्दों में) एक से अधिक अभ्यर्थियों के सामने लगाई गई ; या

(ङ) यदि संख्या 1 (अरबी या रोमन अंकों में या शब्दों में) और कुछ अन्य संख्याएं उसी अभ्यर्थी के नाम के सामने अंकित की गई ; या

(च) यदि इसे अंकित नहीं किया गया है या इस पर किया गया अंकन शून्य है या उसे स्पष्ट रूप से अवधारित नहीं किया जा सकता ; या

(छ) यदि यह इस प्रकार क्षतिग्रस्त या विकृत है कि असली मतपत्र के रूप में इसकी पहचान स्थापित नहीं की जा सकती ।

32. **मतों की गणना के लिए समय और तारीख का नियतन** – रिटर्निंग आफिसर, मतदान की तारीख से कम से कम पन्द्रह दिन पूर्व प्रत्येक प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र के लिए संस्थान के मुख्यालय पर मतों की गणना के लिए तारीख या तारीखें, स्थान और समय नियत करेगा और ऐसी तारीख या तारीखों, स्थान और समय की लिखित सूचना सभी अभ्यर्थियों को देगा ।

33. **जांचकर्ताओं की नियुक्ति** – रिटर्निंग आफिसर ऐसे दो या अधिक व्यक्तियों को जो न तो परिषद् के सदस्य हैं और न ही निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी हैं, मतपत्रों के जांच कर्ताओं के रूप में कार्य करने के लिए और मतगणना में साधारणतया उसकी सहायता करने के लिए नियुक्त करेगा ।

34. **मतों की गणना के समय अभ्यर्थियों की उपस्थिति** – निर्वाचन के लिए कोई अभ्यर्थी मतों की गणना के समय व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने के लिए या उसकी ओर से उपस्थित रहने के लिए किसी सदस्य को प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त करने के लिए हकदार होगा ।

35. **मतों की गणना और परिणामों की घोषणा** – मतों की गणना, अनुसूची 8 में अधिकथित प्रक्रिया के अनुसार की जाएगी ।

36. **परिणामों की घोषणा की अधिसूचना** – निर्वाचित घोषित किए गए सभी अभ्यर्थियों के नाम परिषद् द्वारा भारत के राजपत्र में अधिसूचित किए जाएंगे ।

37. **सांयोगिक लोप, आदि के कारण निर्वाचन अविधिमान्य नहीं होगा** – कोई भी निर्वाचन मात्र, मतदान करने के लिए पात्र सदस्यों की सूची में से किसी सदस्य के नाम के सांयोगिक लोप या उसे मतदान करने के लिए अनुज्ञात करने में कोई सांयोगिक त्रुटि या मतदान करने के लिए पात्र सदस्यों की सूची में ऐसे व्यक्ति के नाम के सांयोगिक सम्मेलन, जो मतदान का हकदार नहीं है या उसे मतदान के लिए अनुज्ञात करने या निर्वाचन के संचालन में किसी सांयोगिक अनियमितता अथवा अनौपचारिकता के कारण, जिसके अंतर्गत मतदाता को मतपत्र भेजने में सांयोगिक लोप या विलंब या मतदाता द्वारा मतपत्र प्राप्त करने में सांयोगिक लोप या विलंब है, अविधिमान्य नहीं समझा जाएगा ।

38. **रिटर्निंग आफिसर के कर्तव्य** – (1) रिटर्निंग आफिसर इन नियमों के अनुसार निर्वाचनों का संचालन करेगा ।

(2) रिटर्निंग आफिसर, उसके द्वारा रिटर्निंग आफिसर के रूप में निर्वहन किए जाने वाले कर्तव्यों में से कोई कर्तव्य, संस्थान के ऐसे किसी अन्य अधिकारी या अधिकारियों को प्रत्यायोजित कर सकेगा जिसे वह उचित समझे ।

39. **रिटर्निंग आफिसर का विनिश्चय अंतिम होगा** – जब तक इन नियमों में अन्यथा उपबंधित न हो, रिटर्निंग आफिसर या इन नियमों के अधीन उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी का निर्वाचन के संचालन, इन नियमों के निर्वचन और इन नियमों के अंतर्गत विशिष्ट रूप से न आने वाले विषयों के संबंध में अपनाई गई प्रक्रिया की बाबत विनिश्चय अंतिम होगा ।

स्पष्टीकरण : इस नियम के प्रयोजन के लिए निर्वाचन के संचालन के अंतर्गत मतों की गणना और परिणामों की घोषणा की प्रक्रिया भी है ।

40. **किसी स्थान में रिक्ति से, परिषद् के गठन में अवरोध नहीं होगा** – यदि किसी कारणवश किसी प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र या निर्वाचन क्षेत्रों का कोई स्थान निर्वाचन के पश्चात् नहीं भरा जाता है/भरे जाते हैं तो इसे अधिनियम की धारा 9 के अधीन परिषद् के गठन में अवरोध नहीं समझा जाएगा ।

41. **निर्वाचन व्यय** – (1) कोई भी अभ्यर्थी, जिसका नाम नियम 15 के अधीन नामनिर्देशनों की अंतिम सूची में सम्मिलित किया गया है, इस प्रयोजन के लिए परिषद् द्वारा नियत रकम से ऊपर व्यय नहीं करेगा ।

(2) ऐसा प्रत्येक अभ्यर्थी, नियम 36 के अधीन जारी की गई अधिसूचना के पंद्रह दिनों के भीतर, परिषद् द्वारा अनुमोदित प्रारूप में, निर्वाचन पर उपगत व्ययों का एक विवरण फाइल करेगा ।

(3) यदि संस्थान की परिषद् के निर्वाचन के संबंध में यह पाया जाता है कि किसी सदस्य ने उपनियम (1) या उपनियम (2) के उपबंधों का उल्लंघन किया है तो यह समझा जाएगा कि उसने अधिनियम की प्रथम अनुसूची 1 के भाग 4 की मद (2) के अधीन परिषद् की अपकीर्ति की है ।

42. **निर्वाचन के संचालन के संबंध में सदस्य के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई** –

(1) यदि संस्थान की परिषद् के निर्वाचन के संबंध में यह पाया जाता है कि किसी सदस्य ने इस नियम के उपनियम (2) के उपबंधों का या उपनियम (3) अथवा उपनियम (4) के समस्त या किसी खंड का उल्लंघन किया है तो यह समझा जाएगा कि उसने अधिनियम की प्रथम अनुसूची के भाग 4 की मद (2) के अधीन परिषद् की अपकीर्ति की है ।

(2) निर्वाचन के संबध में अभ्यर्थी द्वारा नामनिर्देशनों की अंतिम सूची के अभ्यर्थियों को जारी करने की तारीख से प्रारम्भ अवधि में केवल एक घोषणा-पत्र या परिपत्र जारी किया जाएगा।

(3) निर्वाचन में गरिमा बनाए रखने के हित में, जारी किया गया घोषणा-पत्र या परिपत्र निम्नलिखित अपेक्षाओं के अनुरूप होगा, अर्थात् :–

(क) घोषणा-पत्र या परिपत्र में अंतर्विष्ट जानकारी स्वयं अभ्यर्थी से संबंधित होगी

और इसमें किसी अन्य अभ्यर्थी के प्रति प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः कोई निर्देश नहीं होगा ;

(ख) घोषणा-पत्र या परिपत्र में अभ्यर्थी द्वारा स्वयं के बारे में दी जाने वाली जानकारी सारवान् रूप में उस जानकारी से भिन्न नहीं होनी चाहिए जो नियम 9 के अधीन संस्थान द्वारा मतदाताओं को दी गई है । तथापि, ऐसे घोषणा-पत्र या परिपत्र में अभ्यर्थी ऐसी अतिरिक्त जानकारी सम्मिलित कर सकता है जो नियम 9 के अधीन दी गई जानकारी में अंतर्विष्ट नहीं है ;

(ग) घोषणा-पत्र या परिपत्र में न तो जाति या साम्प्रदायिक, धार्मिक, प्रादेशिक या वर्गीय आधार पर मतदाताओं से अपील और न ही बड़े दावे अंतर्विष्ट होंगे ;

(घ) घोषणा-पत्र या परिपत्र का वितरण केवल संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के सदस्यों तक ही सीमित होगा ;

(ङ) ऐसे घोषणा-पत्र या परिपत्र की एक प्रमाणित प्रति, इसके जारी होने के पंद्रह दिनों के भीतर स्पीड/रजिस्ट्रीकृत डाक से रिटर्निंग आफिसर को भेजी जाएगी ।

(च) अभ्यर्थी, इस नियम के उपनियम (2) के अधीन जारी घोषणा-पत्र या परिपत्र किसी अन्य रूप में इसकी अंतर्वस्तु में परिवर्तन किए बिना दोहरा सकता है, तथापि, वह एक से अधिक घोषणा-पत्र या परिपत्र जारी नहीं करेगा ।

(4) सदस्य, परिषद् के निर्वाचन के संबंध में, निम्नलिखित में से एक या अधिक आचरण नहीं अपनाएगा, अर्थात् :–

(i) रिश्वत अर्थात् निम्नलिखित प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष उद्देश्य से अभ्यर्थी या उसकी मौनानुकुलता से किसी अन्य व्यक्ति द्वारा किसी व्यक्ति को कोई दान या दान की प्रस्थापना अथवा वचन या परितोषण :–

(क) किसी निर्वाचन में अभ्यर्थी के रूप में खड़ा होने या खड़ा न होने के लिए उत्प्रेरित करना या कार्य अथवा लोप के लिए उसे इनाम देना ; या

(ख) अपनी अभ्यर्थिता वापस लेने के लिए उत्प्रेरित करना या ऐसी वापसी के लिए इनाम देना ; या

(ग) किसी मतदाता को निर्वाचन में मत डालने या मत न डालने के लिए उत्प्रेरित करना या कार्य अथवा लोप के लिए इनाम ;

स्पष्टीकरण – इस खंड के प्रयोजन के लिए "परितोषण" पद केवल धनीय परितोषण या धन में आकलनीय परितोषण तक ही सीमित नहीं है और इसके अंतर्गत पार्टियों का आयोजन या किसी अन्य रूप में मनोरंजन प्रदान करना और इनाम के तौर पर सभी प्रकार के नियोजन हैं किंतु इसमें निर्वाचन में या निर्वाचन के प्रयोजन के लिए उपगत सद्भावी व्ययों का संदाय सम्मिलित नहीं है;

(ii) अनुचित प्रभाव अर्थात् किसी अभ्यर्थी या उसकी मौनानुकुलता से किसी अन्य व्यक्ति द्वारा मत अधिकार के अबाध प्रयोग के संबंध में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष हस्तक्षेप अथवा हस्तक्षेप करने का प्रयास ;

(iii) किसी अभ्यर्थी या उसकी मौनानुकूलता से किसी अन्य व्यक्ति द्वारा किसी अभ्यर्थी के व्यक्तिगत चरित्र के संबंध में या किसी अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता अथवा वापसी की बाबत तथ्य के एक ऐसे कथन का प्रकाशन जो मिथ्या है और जिसके संबंध में उसका विश्वास है कि या तो मिथ्या है अथवा सत्य नहीं है और जो ऐसा कथन है कि जिससे उस अभ्यर्थी की निर्वाचन संभावनाओं पर युक्तियुक्त रूप से संगणित प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा ;

(iv) अभ्यर्थी के निर्वाचन की संभावनाओं को अग्रसर करने के लिए किसी अभ्यर्थी या उसकी मौनानुकूलता से किसी अन्य व्यक्ति द्वारा भारत सरकार या किसी राज्य की सरकार में कार्यरत किसी व्यक्ति से, यदि वह मत देने का हकदार सदस्य है, मत देने से भिन्न कोई सहायता प्राप्त या उपाप्त करना अथवा प्राप्त या उपाप्त करने के लिए दुष्प्रेरित अथवा प्रयास करना ;

(v) किसी अभ्यर्थी या उसकी मौनानुकूलता से किसी अन्य व्यक्ति द्वारा मतदाताओं के प्रवहण के लिए कोई यान, चाहे संदाय पर या अन्यथा किराए पर लेना या उपाप्त करना ;

(vi) मतदान बूथ और/या मतों के गणना स्थल की बाबत रिटर्निंग आफिसर द्वारा अवधारित शून्य सहनशीलता क्षेत्र में अव्यवस्थित व्यवहार या दुर्व्यवहार का आश्रय लेना ;

स्पष्टीकरण :– इस खंड के प्रयोजन के लिए मतों के लिए संयाचना, विजिटिंग कार्डस, पुस्तिकाओं, घोषणा-पत्रों, पत्रों, हैंड आउट, परिपत्रों और वैसी ही वस्तुओं का वितरण, स्टाल खड़ा करना, बैनर प्रदर्शित करना अव्यवस्थित व्यवहार या दुर्व्यवहार समझे जाएंगे ।

(vii) किसी अभ्यर्थी या उसकी मौनानुकूलता से किसी अन्य व्यक्ति द्वारा निर्वाचन के संबंध में निर्वाचन अवधि के दौरान किसी भी समय और कहीं भी जिसके अंतर्गत मतदान की तारीख या तारीखें हैं, मतदान बूथ से 200 मीटर की दूरी के भीतर कोई सूचना या साइन बोर्ड प्रदर्शित करना या लगाना ;

(viii) निर्वाचनो से संबंधित किसी भी मामले में इन नियमों के अधीन रिटर्निंग आफिसर द्वारा जारी निदेशों, परिपत्रों या अनुदेशों का अननुपालन ;

(ix) किसी राजनैतिक दल का प्रतिनिधित्व करते हुए या राजनैतिक तौर पर निर्वाचन लड़ना ;

(x) खंड (i) से खंड (ix) में विनिर्दिष्ट कोई कार्य जब वह ऐसे सदस्य द्वारा किया जाए जो अभ्यर्थी नहीं है किंतु अभ्यर्थी की सहमति या मौनानुकूलता से कार्य कर रहा है ;

(xi) सदस्य द्वारा किसी परितोषण की प्राप्ति या सदस्य द्वारा उसकी प्राप्ति के लिए करार :–

(क) अभ्यर्थी के रूप में खड़ा होने या खड़ा न होने के लिए उत्प्रेरणा या इनाम के रूप में ; या

(ख) अपनी अभ्यर्थिता वापस लेने के लिए उत्प्रेरणा या इनाम के रूप में ; या

(ग) स्वयं अपने या किसी अन्य व्यक्ति के संबंध में मत डालने या मत डालने से विरत रहने के लिए उत्प्रेरणा या इनाम के रूप में ;

(घ) किसी मतदाता को मत देने या मत देने से विरत रहने के लिए उत्प्रेरित

करने या उत्प्रेरित करने का प्रयास करने के लिए उत्प्रेरणा या इनाम के रूप में ;

(ङ) किसी अभ्यर्थी को अपनी अभ्यर्थिता वापस लेने के लिए उत्प्रेरित करना या उत्प्रेरित करने का प्रयास करना ;

(xii) इन नियमों के किसी उपबंध का उल्लंघन या दुरुपयोग या इन नियमों के किसी उपबंध का पालन करते हुए, यह जानते हुए भी कि वह मिथ्या है या यह जाने बिना कि वह सत्य है, कोई मिथ्या कथन करना ।

अनुसूची 1

प्रादेशिक निर्वाचनक्षेत्र

(नियम 3 देखिए)

परिषद् के निर्वाचन के प्रयोजन के लिए निर्वाचक मंडल निम्नानुसार चार प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों में गठित होगा :–

(i) **पश्चिमी भारत प्रादेशिक निर्वाचनक्षेत्र :–**

छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र राज्यों तथा दादरा और नागर हवेली एवं दमण और दीव संघ राज्यक्षेत्रों से मिलकर बनेगा ।

(ii) **दक्षिणी भारत प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र :** –

आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु राज्यों तथा लक्षद्वीप और पांडिचेरी संघ राज्यक्षेत्रों से मिलकर बनेगा ।

(iii) **पूर्वी भारत प्रादेशिक निर्वाचनक्षेत्र :–**

अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, झारखंड, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, उड़ीसा, सिक्किम, त्रिपुरा और पश्चिमी बंगाल राज्यों और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के संघ राज्यक्षेत्र से मिलकर बनेगा ।

(iv) **उत्तरी भारत प्रादेशिक निर्वाचनक्षेत्र :–**

हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, उत्तरांचल और उत्तर प्रदेश राज्यों तथा चंडीगढ़ और दिल्ली संघ राज्यक्षेत्रों से मिलकर बनेगा ।

अनुसूची 2

मतदाताओं की सूची

[नियम 6 के उपनियम (1) से उपनियम (6) देखिए]

(1) प्रत्येक प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदाताओं की अलग-अलग सूची बनाई जाएगी ।

(2) उपरोक्त खंड (1) के अधीन इस प्रकार बनाई गई सूची में निम्नलिखित स्पष्ट और पृथक रूप से दर्शाए जाएंगे :–

(i) क्या मतदाता सहबद्ध या फैलो है ;

(ii) सदस्य की मतदान करने की पात्रता विनिश्चित करने के लिए नियम 5 के अधीन यथा अवधारित प्रत्येक सदस्य का पता ;

(iii) मतदाता के भारत के बाहर निवास करने की दशा में, खंड (ii) के अधीन उनके भारत में पते के साथ-साथ उनके भारत के बाहर संबंधित पते यदि संबंधित मतदाता द्वारा संस्थान को प्रस्तुत किए गए हैं ;

(iv) मतदाता द्वारा संस्थान को यथा प्रस्तुत इन्टरनेट पते और ई-मेल पते के ब्यौरे, यदि मतदाता द्वारा इसे मतदाताओं की सूची में सम्मिलित करने की स्पष्ट मंजूरी दी गई है ;

(v) वह रीति जिसमें मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेगा ; और

(vi) मतदाता के अपने मताधिकार का प्रयोग मतदान बूथ पर करने की दशा में, उस मतदान बूथ की संख्या और पता जहां मताधिकार का प्रयोग किया जाएगा ।

(3) विभिन्न पतों पर अवस्थित एक से अधिक मतदान बूथ वाले स्थान के संबंध में, उपरोक्त खंड (2) के उपखंड (vi) द्वारा मतदाताओं की सूची में प्रकाशित मतदान बूथ विनिश्चित करने के लिए रिटर्निंग आफिसर निम्नलिखित कार्य करेगा :–

(i) वह संस्थान की पत्रिका और संबंधित प्रादेशिक परिषद् के न्यूज लेटर में, मतदाताओं की सूची के प्रकाशन से कम से कम दो मास पूर्व ऐसे स्थान की बाबत जहां एक से अधिक मतदान बूथ हैं विभिन्न मतदान बूथों के पतों के साथ एक सूचना प्रकाशित करेगा और उसे संस्थान की वेबसाइट पर भी लोड करेगा ;

(ii) ऐसे स्थान का कोई मतदाता, जो उपरोक्त खंड (i) के अधीन प्रकाशित किसी विशिष्ट मतदान बूथ पर मतदान करने का इच्छुक है, ऐसी सूचना के प्रकाशन की तारीख से एक मास के भीतर रिटर्निंग आफिसर को अपना अनुरोध भेज सकेगा ;

(iii) रिटर्निंग आफिसर अपने विवेकानुसार ऐसे मतदाता को उसकी पसंद के मतदान बूथ पर मतदान करने के लिए अनुज्ञात कर सकेगा और तदनुसार, उक्त मतदान बूथ के ब्यौरे मतदाताओं की सूची में सम्मिलित करेगा ;

(iv) किसी मतदाता को उसके द्वारा अनुरोध किए गए मतदान बूथ पर मतदान करने को अनुज्ञात करना, रिटर्निंग आफिसर के लिए संभव न होने की दशा में रिटर्निंग आफिसर उसे उस स्थान के अन्य मतदान बूथ पर मत डालने के लिए अनुज्ञात करने का विनिश्चय कर सकेगा और तदनुसार उक्त मतदान बूथ के ब्यौरे मतदाताओं की सूची में सम्मिलित करेगा ;

अनुसूची 3

निर्वाचित किए जाने वाले सदस्यों की संख्या

(नियम 8 देखिए)

(1) नीचे खंड (5) के उपबंध के अधीन रहते हुए, प्रत्येक प्रादेशिक निर्वाचनक्षेत्र से निर्वाचित होने वाले सदस्यों की संख्या, नीचे खंड (4) के अनुसार यथा अवधारित सदस्यों की कुल संख्या को अधिनियम की धारा 9 की उपधारा (2) में यथा उपबंधित परिषद् में निर्वाचित होने वाले सदस्यों की अधिकतम संख्या से विभाजित करके यथा अवधारित निर्वाचनक्षेत्र में सदस्यों की ऐसी संख्या के लिए एक सदस्य होगा ।

(2) यदि प्रत्येक निर्वाचनक्षेत्र के लिए सदस्यों की पारिणामिक संख्या, भिन्न पर विचार किए बिना पूर्णांक जोड़ने के पश्चात् अधिनियम की धारा 9 की उपधारा (2) में यथा उपबंधित अधिकतम संख्या से कम हो तो उच्चतम भिन्न वाले प्रदेश की बाबत भिन्न, एक गिनी जाएगी । यदि योग अब भी अधिकम संख्या से कम रहता है तो अगली उच्चतम भिन्न वाले प्रदेश की बाबत भिन्न एक गिनी जाएगी । यह प्रक्रिया योग के अधिनियम की धारा 9 की उपधारा (2) के अधीन निर्वाचित होने वाले सदस्यों की अधिकतम संख्या के बराबर होने तक नीचे खंड (5) के उपबंध के अधीन चलती रहेगी ।

(3) यदि प्रत्येक निर्वाचनक्षेत्र के लिए सदस्यों की पारिणामिक संख्या, जोड़े जाने के पश्चात् सदस्यों की अधिकतम संख्या से कम है और एक से अधिक प्रादेशिक निर्वाचनक्षेत्रों में बिल्कुल समान भिन्न हैं तो उच्चतम सदस्यों वाले निर्वाचनक्षेत्र को नीचे खंड (5) के उपबंध के अधीन रहते हुए भिन्न को एक में संपरिवर्तित करने वाले मामले में अधिमान दिया जाएगा ।

(4) खंड (1) में निर्दिष्ट सदस्यों की कुल संख्या उस उस वर्ष से ठीक पूर्ववर्ती वर्ष में, जिसमें निर्वाचन होने हैं, अधिनियम की धारा 19 की उपधारा (3) के अधीन प्रकाशित सदस्यों की सूची में सदस्यों की संख्या के प्रतिनिर्देश से अवधारित की जाएगी ।

(5) खंड (1) से खंड (3) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी प्रत्येक निर्वाचनक्षेत्र से परिषद् के लिए कम से कम दो सदस्य निर्वाचित किए जाएंगे ।

अनुसूची 4

नामनिर्देशन के साथ दिए जाने वाले विवरण में सम्मिलित की जाने वाली जानकारी

[नियम 9 का उपनियम (4) देखिए]

(1) अभ्यर्थी के नामनिर्देशन के साथ, अभ्यर्थी द्वारा हस्ताक्षरित और सत्यापित निम्नलिखित जानकारी वाला विवरण दिया जाएगा :–

(क) मतदाताओं की सूची में यथा प्रकाशित नाम, सदस्यता सं., वृत्तिक पता और मतदाता का क्रम संख्यांक ;

(ख) जन्म तिथि

(ग) क्या फैलो है और फैलो होने की तारीख

(घ) सहबद्ध सदस्य के रूप में नामांकन की तारीख

(ङ) क्या भारत का नागरिक है

(च) क्या किसी वृत्तिक या अन्य अवचार का दोषी पाया गया और परिणामतः क्या उसे धिग्दंडित किया गया या रजिस्टर से नाम हटाया गया या नामनिर्देशन की तारीख को जुर्माने की शास्ति दी गई है

(छ) यदि उपरोक्त (च) का उत्तर सकारात्मक है तो जहां लागू हो, निम्नलिखित ब्यौरे दें (प्रत्येक अवचार के लिए जिसमें दोषी पाया गया पृथकतः) :

(i) अपराध जिसके लिए दोषी पाया गया

(ii) धिग्दंड की तारीख

(iii) तारीख जब से उपरोक्त निरर्हता के कारण रजिस्टर से नाम हटाया गया

(iv) हटाए जाने की कुल अवधि

(v) तारीख, जब हटाए जाने की अवधि समाप्त हुई

(vi) क्या हटाया जाना अनुसूची 1 या अनुसूची 2 के अंतर्गत आने वाले अवचार के कारण था

(vii) तारीख जब जुर्माने की शास्ति की गई

(viii) जुर्माने की शास्ति की रकम

(ix) तारीख जब जुर्माने की दी गई शास्ति का संदाय किया गया

(ज) (i) क्या संस्थान के संपरीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया, और यदि हां, क्या तीन वर्ष की अवधि उसके संस्थान का संपरीक्षक न रह जाने के बाद नियुक्ति और संपरीक्षक न रह जाने की तारीखों के साथ पहले ही समाप्त हो चुकी थी ;

(ii) यदि वह अवधि अभी समाप्त नहीं हुई है तो वह तारीख जब वह समाप्त होगी ;

(झ) संस्थान के अध्यक्ष और/या उपाध्यक्ष के पद सहित, संस्थान की पूर्व और वर्तमान सदस्यता के ब्यौरे ;

(ञ) क्या नियम 7 के उपनियम 2 में यथा परिभाषित केन्द्रीय या राज्य सरकार के अधीन कोई पद धारण कर रहा है ।

(2) खंड (1) में निर्दिष्ट विवरण में, अभ्यर्थी के विकल्प पर निम्नलिखित के संबंध में अभ्यर्थी से संबंधित जानकारी भी दी जा सकेगी :

(क) शैक्षिक अर्हताएं (सरकार या परिषद् द्वारा मान्यताप्राप्त अर्हतोत्तर डिप्लोमा सहित डिप्लोमा और डिग्रियां तथा परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त वृत्तिक निकायों की सदस्यता) ;

(ख) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय की परीक्षाओं और संस्थान द्वारा संचालित परीक्षाओं में मेरिट (योग्यता) पुरस्कार (प्रथम तीन स्थानों तक सीमित) ;

(ग) वृत्ति की विशिष्टियां :–

(i) नियोजन (वर्तमान नियोजक के नाम के साथ पद नाम)

(ii) व्यवसाय (एकमात्र मालिक या भागीदारी फर्म में, फर्म के नाम सहित) ;

(iii) यदि उपरोक्त (i) और (ii) के अंतर्गत न आए हों तो अन्य वृत्ति तथा कार्यों की विशिष्टियां ।

(घ) प्रादेशिक परिषदों और प्रादेशिक परिषदों की शाखाओं की प्रबंध समितियों की पूर्व और वर्तमान सदस्यता तथा प्रादेशिक परिषदों और/या प्रादेशिक परिषदों की शाखाओं के मामले में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव और/या रोकड़िया का पद ।

अनुसूची 5

विधिमान्य नामनिर्देशनों की अंतिम सूची में सम्मिलित की जाने वाली लड़ने वाले अभ्यर्थियों की विशिष्टियां

[नियम 15 का उपनियम (3) देखिए]

विधिमान्य नामनिर्देशनों की अंतिम सूची के साथ लड़ने वाले अभ्यर्थियों की निम्नलिखित विशिष्टियां उस सीमा तक होंगी जो नियम 9 के उपनियम (4) के अधीन अभ्यर्थियों द्वारा दी गई हैं :–

(क) मतदाताओं की सूची में यथा प्रकाशित नाम, सदस्यता सं., वृत्तिक पता और मतदाता का क्रम संख्यांक

(ख) जन्म तिथि

(ग) क्या फैलो है और फैलो होने की तारीख

(घ) सहबद्ध सदस्य के रूप में नामांकन की तारीख

(ङ) क्या भारत का नागरिक है

(च) क्या किसी वृत्तिक या अन्य अवचार का दोषी पाया गया और परिणामतः क्या उसे धिग्दंडित किया गया या रजिस्टर से नाम हटाया गया या नामनिर्देशन की तारीख को जुर्माने की शास्ति दी गई और इसके ब्यौरे

(छ) संस्थान के अध्यक्ष और/या उपाध्यक्ष सहित संस्थान की पूर्व और वर्तमान सदस्यता के ब्यौरे

(ज) शैक्षिक अर्हताएं (सरकार या परिषद् द्वारा मान्यताप्राप्त अर्हतोत्तर डिप्लोमा सहित डिप्लोमा और डिग्रियां तथा परिषद् द्वारा मान्यताप्राप्त वृत्तिक निकायों की सदस्यता)

(झ) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालयों की परीक्षाओं और संस्थान द्वारा संचालित परीक्षाओं में मेरिट (योग्यता) पुरस्कार (प्रथम तीन स्थानों तक सीमित)

(ञ) वृत्ति की विशिष्टियां :–

(i) नियोजन (वर्तमान नियोजक के नाम के साथ पदनाम)

(ii) व्यवसाय (एकमात्र मालिक या भागीदारी फर्म में, फर्म के नाम सहित)

(iii) यदि उपरोक्त (i) और (ii) के अंतर्गत न आए हों तो अन्य वृत्ति और कार्यों की विशिष्टियां

(ट) प्रादेशिक परिषदों और प्रादेशिक परिषदों की शाखाओं की प्रबंध समितियों की पूर्व और वर्तमान सदस्यता तथा प्रादेशिक परिषदों और/या प्रादेशिक परिषदों की शाखाओं के मामले में अध्यक्ष उपाध्यक्ष, सचिव और/या रोकड़िया का पद ।

अनुसूची 6

मतदान बूथ पर मतदान की प्रक्रिया

(नियम 29 देखिए)

1. **मतदाताओं की पहचान और निविदत्त मत**

(1) मतदाता होने का दावा करने वाला प्रत्येक व्यक्ति, रिटर्निंग आफिसर द्वारा उपलब्ध कराई गई मतदान के लिए पात्र सदस्यों की सूची पर हस्ताक्षर करेगा और उसकी पहचान या हस्ताक्षर का सत्यापन मतदान अधिकारी द्वारा ऐसी रीतियों में किया जाएगा जैसी कि रिटर्निंग आफिसर द्वारा समय-समय पर सलाह दी जाए ।

